# इलाज को नई दिशा देगा एनएएमएस सेल

## एम्स में नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज सेल का शुभारंभ

**भोपाल, 27 मार्च. बेहतर इलाज और मजबूत चिकित्सा शोध की दिशा में एम्स भोपाल में एक अहम कदम उठाया गया है. अब डॉक्टरों और विद्यार्थियों को नई जानकारी और अवसर एक ही मंच पर देने के उद्देश्य से नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (एनएएमएस) सेल का शुभारंभ किया गया.**

बता दें इस नए सेल के शुरू होने से चिकित्सा शिक्षा और शोध के बीच बेहतर तालमेल बनेगा. यह पहल आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देने में मददगार साबित हो सकती है.

जिससे न केवल डॉक्टरों की पेशेवर क्षमता बढ़ेगी बल्कि मरीजों को भी बेहतर और वैज्ञानिक इलाज मिल सकेगा. कार्यक्रम में एनएएमएस के अध्यक्ष डॉ. दिगंबर बेहरा ने सेल का उद्घाटन किया. इस मौके पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ प्रो. माधवानन्द कर समेत कई वरिष्ठ डॉक्टर और फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे. प्रबंधन के अनुसार एनएएमएस सेल का मुख्य उद्देश्य फैकल्टी, विद्यार्थियों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों तक नई नीतियों, योजनाओं और शोध के अवसरों की जानकारी पहुंचाना है.



> जिससे उन्हें आगे बढ़ने और बेहतर काम करने का मौका मिले. विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं और जमीनी स्तर पर काम कर रहे डॉक्टरों के बीच दूरी कम होगी. कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर चिकित्सा शिक्षा और शोध को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया.

## एएनएम वर्ष 2023 परीक्षा के अपात्र घोषित अभ्यर्थियों का 6 से होगा फिर परीक्षण

**भोपाल, 27 मार्च.** अपर संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने बताया कि महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एएनएम वर्ष 2023 परीक्षा के अंतर्गत अपात्र घोषित अभ्यर्थियों का पुन: परीक्षण 6 अप्रैल से 17 अप्रैल तक (अवकाश दिवसों को छोड़कर) किया जाएगा. परीक्षण संचालनालय जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं म.प्र. पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल में होगा. संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों पर उपस्थित होकर परीक्षण करा सकेंगे.



# मप्र खो-खो टीम का भोजपुर क्लब में सम्मान

**भोपाल, 27 मार्च. ओडिशा के कटक में 30 मार्च से 2 अप्रैल तक होने जा रही जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप के लिए चयनित मध्य प्रदेश टीम के सदस्यों को शुक्रवार को स्पोर्ट्स प्रमोटर ग्रुप के संरक्षक व भोजपुर क्लब के अध्यक्ष अरुणेश्वर शरण सिंह देव ने ईजी कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर हुसैफा सैफी की उपस्थिति में टीम को किट प्रदान कर सम्मानित किया.**

भोपाल जिला खो-खो के सुनील सिंह, जालम सिंह, तरुण पाल, अनिल लोखंडे, विष्णुकांत सहाय, सागर रायकवार, मनोज बिजघावने, बबीता देशमुख व वर्षा मगरदे आदि उपस्थित थे. मध्य प्रदेश खो खो संघ के सचिव राजेश त्रिपाठी अध्यक्ष जितेंद्र सोनी ने संघ के पदाधिकारी कोच को बधाई दी व अतिथियों का आभार व्यक्त किया.

# आरएनटीयू में रूस की हिंदी साहित्यकार का सम्मान

**भोपाल, 27 मार्च. रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल में रूस की हिंदी साहित्यकार डॉ. श्वेता सिंह, श्रीलंका की वरिष्ठ हिंदी प्राध्यापिका डॉ. निलान्थी राजपक्षे तथा शोध छात्रा सुगंधि कुलसिंघे, श्रीलंका का अभिनंदन किया गया.**

इस अवसर रूस की डॉ. श्वेता ने कहा कि रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय हिंदी, भारतीय भाषाओं और लोक बोलियों के संरक्षण तथा संवर्धन के साथ भारतीय संस्कृति, साहित्य और कला के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर जो कार्य कर रहा हैं, वह अद्वितीय है, अनुकरणीय हैं. श्रीलंका की डॉ. निलान्थी ने कहा कि टैगोर विश्वविद्यालय का वातावरण और यहाँ संपादित हो रहे कार्यों को करीब से देखने और जानने का यह अवसर सदैव अविस्मरणीय रहेगा. भारतीय संस्कृति को समर्पित आपके द्वारा संचालित ऑनलाइन कोर्स से श्रीलंका के विद्यार्थियों को भी जोड़ने का प्रयास करेंगे. सुगंधि कुलसिंघे, श्रीलंका ने कहा कि रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय वास्तव में मध्य भारत में शांति निकेतन का अनुभव कराता हैं. उन्होंने टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र, विश्व रंग फाउंडेशन, प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केन्द्र, टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केन्द्र, टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, संस्कृत, प्राच्य भाषा शिक्षण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा केन्द्र, अनुवाद केन्द्र, भाषा शिक्षण केन्द्र का भ्रमण किया. इस अवसर पर डॉ. संगीता जौहरी, कुलसचिव, डॉ. जवाहर कर्नावट, सलाहकार, प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केन्द्र, डॉ. रुचि मिश्रा तिवारी, डीन, मानविकी एवं उदार कला संकाय आदि से रचनात्मक विचार विमर्श किया गया.



## किन्नर समाज ने समिति को दिया आर्थिक सहयोग

**सलामतपुर, 27 मार्च.** नगर के किन्नर समाज ने सामाजिक सौहार्द और धार्मिक आस्था का परिचय देते हुए श्री रामनवमी भव्य शोभायात्रा समिति रायसेन को 13 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया है.किन्नर समाज की ओर से खुशी शर्मा सांची एवं करीना बुआ गढ़ी ने समिति के सदस्यों को 13 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की. इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने किन्नर समाज सांची के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सहयोग से ही धार्मिक आयोजनों को भव्य स्वरूप दिया जा सकता है.

# एक गधे की आत्मकथा ने किया समाज पर प्रहार

**लिटिल बैले ट्रूप में रंग महोत्सव का दूसरा दिन**

**भोपाल, 27 मार्च .क्या यह गधे के रूप में आदमी है, या आदमी के रूप में गधा. मंच पर गूंजता यह सवाल शुक्रवार शाम लिटिल बैले ट्रूप में प्रस्तुत नाटक एक गधे की आत्मकथा जब सुनने को मिलती है.**

इसी सवाल के इर्द-गिर्द घूमता चेतन रंगसमूह, भोपाल द्वारा प्रस्तुत यह नाटक 20वें भोपाल रंग महोत्सव के दूसरे दिन सशक्त व्यंग्य के रूप में उभरा. कृष्ण चंदर की मूल रचना पर आधारित यह नाटक और करुणा के मिश्रण सहित नाटक निर्देशक आशीष श्रीवास्तव की प्रस्तुति में दर्शकों को हंसाते भीतर तक चुभता है.



> कहानी रामू धोबी और उसके खोए हुए गधे की तलाश से शुरू होती है. लेकिन यह तलाश सिर्फ एक जानवर की नहीं रह जाती, बल्कि धीरे-धीरे समाज और व्यवस्था की परतें खोलने लगती है. रास्ते में मिलने वाले हर पात्र के जरिए राजनीति, प्रशासन और सामाजिक विसंगतियों पर तीखा कटाक्ष किया गया है. नाटक की सबसे बड़ी ताकत उसका मानवीकरण रहा. जिसमें गधे को सिर्फ एक पशु के रूप में नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और विचारशील पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है. जो दर्शकों को बार-बार खुद से सवाल करने को मजबूर करता रहा कि असली मूर्खता आखिर किसमें है.

## रवींद्र भवन में शास्त्रीय संगीत संध्या कल

**भोपाल, 27 मार्च.** नाद चैतन्य समिति द्वारा रविवार 29 मार्च को शाम 6:30 बजे रवींद्र भवन के गौरांजनी सभागार में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है. इसमें प्रख्यात गायक पंडित कैवल्य कुमार गुरव शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे.

तबले पर उस्ताद सलीम अल्लाहवाले भोपाल और दीपक खसरावल इंदौर होंगे. यह आयोजन पंडित सिद्धराम स्वामी की स्मृति में किया जा रहा है.



## सेवानिवृत्त आईएएस अजय नाथ की माताजी का निधन

**भोपाल, 27 मार्च.** सेवानिवृत्त आईएएस अजय नाथ, स्वर्गीय सुधीर नाथ की माताजी एवं आईएएस रहे स्वर्गीय देवेंद्र नाथ की पत्नी शकुंतला नाथ का शुक्रवार को भोपाल में निधन हो गया. इनके निधन पर कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की.

# एनआईटीटीटीआर में ओसैट स्किल सेंटर की शुरुआत

## सेमीकंडक्टर रिसर्च और इनोवेशन पार्क का प्रस्ताव

**भोपाल, 27 मार्च. राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर ) भोपाल ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओसैट) के लिए स्किल सेंटर की शुरुआत की है.**

इस सेंटर का उद्देश्य सेमीकंडक्टर उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना और असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग तथा पैकेजिंग जैसी क्षमताओं का विकास करना है, ताकि उद्योग के लिए तैयार कुशल मानव संसाधन तैयार किए जा सकें. संस्थान द्वारा सेमीकंडक्टर पर एडवांस कोर्स और एमएससी पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों को हैंड्स-ऑन अनुभव और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण प्रदान किया जाएगा.

पाठ्यक्रम में सेमीकंडक्टर डिजाइन से लेकर उसके अनुप्रयोग तक की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिससे विद्यार्थियों की उद्योगोन्मुखी दक्षता बढ़ेगी. संस्थान ने ओसैट के लिए एक रिसर्च और इनोवेशन पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव मध्यप्रदेश सरकार को भेजा है. प्रस्तावित पार्क में डिस्क्रीट पावर सेमीकंडक्टर डिवाइस और एप्लिकेशन-स्पेसिफिक मल्टी-चिप मॉड्यूल के लिए असेंबली एवं पैकेजिंग सुविधा विकसित की जाएगी.प्रस्तावित सेंटर स्थापित होने के बाद आईटीआई, डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक, बीटेक, एमटेक तथा विज्ञान विषयों के विद्यार्थी बड़े स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे.

रिसर्च एवं इनोवेशन पार्क के लिए कुल 27.50 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है, जिसमें उच्च शिक्षा विभाग से 13.50 करोड़ रुपये की मांग की गई है.



## राष्ट्रीय बाल नाट्य समारोह अर्घ्य प्रेक्षागृह में आज से

**भोपाल.** चिल्ड्रन्स थिएटर अकादमी द्वारा राष्ट्रीय बाल नाट्य समारोह 28 से 31 मार्च तक अर्घ्य प्रेक्षागृह, गॉंधी भवन परिसर, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है. समारोह में 28 मार्च शनिवार को नमिता वनसोड़ द्वारा निर्देशित नाटक जैसी करनी वैसी भरनी'' 29 मार्च को प्रशांत चटर्जी द्वारा लिखित नाटक ''घमंडी राजा'' व 30 मार्च को ''आदाब'' इन दोनों नाटकों को गुना के वरिष्ठ रंगकर्मी श्री विष्णु झा द्वारा उनकी संस्था के बाल कलाकारों द्वारा खेला जायेगा. समारोह के अंतिम दिवस 31 मार्च को वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता द्वारा लिखित नाटक पेड़ की कथा का मंचन निहारिका धौलपुरिया के निर्देशन में होगा.

# भाभा यूनिवर्सिटी में टॉक शो 'आनंदम' का आयोजन

**भोपाल, 27 मार्च. भाभा यूनिवर्सिटी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं खुशहाली को समर्पित विशेष टॉक शो 'आनंदम' का आयोजन किया गया. मानसिक स्वास्थ्य और खुशी विषय पर आधारित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया.**

मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉ. शुभम गौर ने अपने जीवन के अत्यंत संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक अनुभव साझा किए.

एक समय वे एक सफल डेंटल डॉक्टर थे, लेकिन एक गंभीर सड़क दुर्घटना में उन्हें ब्रेन हैमरेज और पैरालिसिस जैसी गंभीर स्थितियों का सामना करना पड़ा. इस दौरान उनकी कई सर्जरी हुई और उनका क्लिनिक तथा पेशेवर जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया.

लेकिन अदम्य इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने अपने जीवन को पुन: संवारने का निर्णय लिया. कठिन परिस्थितियों से उबरते हुए उन्होंने न केवल स्वयं को पुनर्स्थापित किया, बल्कि कड़ी मेहनत के साथ सरकारी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर आज भारत की एक अग्रणी सरकारी कंपनी में क्लास-1 अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं.

# यात्री प्रतीक्षालय बने असामाजिक तत्वों का अड्डा

**सलामतपुर, 27 मार्च. रायसेन जिले के दीवानगंज क्षेत्र में भोपाल-विदिशा हाइवे पर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय अब असामाजिक तत्वों के अड्डे और गंदगी के ढेर में तब्दील हो गए हैं.**

इन प्रतीक्षालयों का उद्देश्य यात्रियों को आरामदायक सुविधा प्रदान करना था, लेकिन अब यहां की हालत इतनी खराब हो गई है कि यात्री इनका उपयोग करने से कतरा रहे हैं. दीवानगंज फैक्ट्री चौराहा, हाई सेकंडरी स्कूल और सेमरा रोड पर स्थित यात्री प्रतीक्षालयों में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं. यहां असामाजिक तत्वों का कब्जा हो गया है, जिसके कारण सामान्य यात्री इन जगहों पर बैठने से डरते हैं. यात्रियों को अब धूप में खड़े होकर ही बसों का इंतजार करना पड़ रहा है. यात्री प्रतीक्षालय में शराब की खाली बोतलें पड़ी हैं. स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने इन प्रतीक्षालयों की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है. उनका कहना है कि अगर समय रहते इन प्रतीक्षालयों को साफ-सुथरा और सुरक्षित नहीं बनाया गया, तो यह यात्रियों के लिए और भी बड़ी समस्या बन सकते हैं.



## चंदपुरा में आज सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

**सिलवानी, 27 मार्च.** ग्राम चंदपुरा कढ़ेली में रविवार रात 9 बजे से चंदपुरा में सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. इस महोत्सव को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है. आयोजन में बुंदेलखंड के गायक जित्तू खरे, गायिका रामदेवी मासूम और नेहा प्रजापति अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे. कार्यक्रम में लोकगीत, भजन एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहेंगी, जो दर्शकों का मन मोह लेंगी. आयोजक एवं समाजसेवी जयदीप पटेल ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजना और लोगों को एक मंच पर जोड़ना है.

# नाटक मसाज ने चेहरे पर बिखेरी मुस्कान

**राकेश बेदी के मसाज का मंचन**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 मार्च. एक युवक अपनी पत्नी का पत्र पढ़ते पढ़ते अचानक ठहर जाता है। आवाज भर्रा जाती है और सभागार में खामोशी छा जाती है.**

बिना किसी साज सज्जा के, कल्पनाओं के तले सजा दृश्य शुक्रवार शाम रवींद्र भवन के हंसध्वनी सभागार में सीधे दर्शकों के दिल में उतर गया. यह अवसर था इंडिमूंस आर्ट फेस्टिवल के तहत वरिष्ठ अभिनेता राकेश बेदी के नाटक मसाज के मंचन का, जिसने दर्शकों को न केवल हंसी दी बल्कि गहरी संवेदना भी दी. नाटक में हैप्पी कुमार की कहानी बयां की गई है, जो फिल्म उद्योग में नाम कमाने की ख्वाहिश रखता है, लेकिन अंत में उसे एक ऐसे फिल्म निर्माता के चौथे सहायक निर्देशक के रूप में काम करना पड़ता है जो अश्लील फिल्मों में माहिर है. कुमार के अनुभवों के माध्यम से, दर्शकों को समाज के अंधकारमय पहलुओं की मार्मिक पड़ताल कराई गई, जिसे बेदी ने अपनी विशिष्ट हास्य शैली और भावनात्मक गहराई के साथ प्रस्तुत किया.

नाटक में कोहली साहब, मंत्री के पीए, चौकीदार, अजनबी बस स्टॉप, बार गर्ल और नायिका की मां जैसे कुल 24 किरदारों में बेदी ने निरंतरता से पात्रों को जीवंत रूप दिया.



> **कहानी को स्पष्टता देने जोड़ा आखिरी दृश्य**
>
> नाटक का सबसे मार्मिक क्षण अंत में आता है, जब 'हैप्पी सिंह' अपनी पत्नी का पत्र पढ़ता है. बिना किसी सहारे या मंचीय साज-सज्जा के प्रस्तुत यह दृश्य अभिनय की गहराई को उजागर करता है. भावनाओं की सादगी और अभिव्यक्ति की सच्चाई सीधे दर्शकों के दिल तक पहुंचती है. खास बात यह है कि यह दृश्य बाद में जोड़ा गया, ताकि कहानी को और अधिक स्पष्टता और भावनात्मक विस्तार मिल सके.

**बातचीत** | **धुरंधर -2 रिलीज होने के बाद पहली बार आए भोपाल**

# दर्शकों के प्यार पर निर्भर होती है सफलता : राकेश बेदी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 मार्च. मेरा सेट दर्शकों के दिमाग में बनता है. मंच पर सिर्फ एक बेंच, एक स्टूल और एक कुर्सी है, लेकिन पूरी कहानी दर्शकों की परिकल्पना में अपने-अपने नजरिये से जीवंत होती है.** यह कहना है वरिष्ठ अभिनेता राकेश बेदी का. जिन्होंने हाल ही में धुरंधर फिल्म में जमील जमाली के किरदार से दर्शकों की खूब सराहना हासिल की है. 150 से अधिक फिल्मों और टीवी सीरियल में काम कर चुके अभिनेता राकेश बेदी धुरंधर 2 की रिलीज के बाद पहली बार शुक्रवार को इंडीमून्स आर्ट फेस्टिवल के तहत नाटक मसाज लेकर दर्शकों के बीच आये. इस दौरान नवभारत प्रतिनिधि से बातचीत के कुछ अंश.



### धुरंधर से मिली नई पहचान

हाल ही में फिल्म धुरंधर में जमील जमाली का किरदार पर उन्होंने कहा कि किसी भी किरदार की सफलता पहले से तय नहीं होती, यह दर्शकों के प्यार पर निर्भर करती है. किरदार कैसा भी हो उसमें खुद को ढालने में समय और मेहनत दोनों लगती है.

### 48 सालों में हर महीने किया है थियेटर

मैंने फिल्मों के साथ थियेटर भी किया है, करीब 48 सालों से रंगमंच से जुड़ा हूं. जिंदगी में शायद ही कोई महीना ऐसा रहा होगा, जब मैंने नाटक न किया हो. मेरे लिए थिएटर सिर्फ काम नहीं, बल्कि जीने का तरीका है. कई बदलावों और चुनौतियों के बावजूद यह माध्यम हमेशा से जीवित रहा है. और आगे भी मंच के माध्यम से सीधे तौर पर दर्शकों पर अपने रंग की छाप छोड़ता दिखेगा. जो किसी और माध्यम में संभव नहीं हो सकता.

> आज के दौर में जहां सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स को सफलता माना जाता है, मैं खुद को इससे अलग रखता हूं. धुरंधर से पहले करीब एक साल पहले मेरे लाख भर फॉलोवर्स थे, लेकिन उसमें भी बदलाव आया है, जबकि मैंने इससे पहले भी कई फिल्में दी हैं और वो हिट भी हुई हैं. तो ये फॉलोवर्स सफलता की निशानी नहीं हैं ये बस सोशल मीडिया का कमाल है. असली पहचान तो केवल काम से बनती है और वही सबसे ज्यादा टिकाऊ होती है.

## रायसेन में आज विधिक सेवा प्रदर्शनी आयोजित

**रायसेन, 27 मार्च.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन एवं जिला प्रशासन रायसेन के समन्वय से विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं आमजन को योजनाओं का लाभ प्रदाय किए जाने के लिए 28 मार्च को सुबह 10.30 बजे से जिला न्यायालय परिसर रायसेन में वृहद जागरूकता एवं विधिक सेवा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है. इसमें शासन की विभिन्न योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किए जाने के लिए शासन के विभिन्न विभाग जैसे नगर पालिका विभाग, विद्युत विभाग, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग, श्रम विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग न आदि विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे.

# रायसेन में 19 अप्रैल को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**सलामतपुर 27 मार्च.** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में जिले में अक्षय तृतीय 19 अप्रैल 2026 को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. जिला मुख्यालय रायसेन में आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु आयोजक नगर पालिका रायसेन तथा नोडल अधिकारी उप संचालक सामाजिक न्याय मनोज बाथम रहेंगे. सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले वर-वधु द्वारा आवेदन फार्म शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मापदंड शर्तों के अधीन 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय रायसेन में जमा किए जा सकते हैं. इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रायसेन अनुराग भदौरिया के मो.न. 9131805671 पर या सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय रायसेन में संपर्क करें.

